

**नारी को अबला कहना उसकी निंदा करना है। यदि अहिंसा मानव जाति का नियम है तो भविष्य नारी के हाथ में है।**

**राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी**

# सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त होती नारी



- ''**लाडली सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना**'' के अन्तर्गत जिस माता/पिता की सन्तान केवल लड़की/लड़कियां हैं, ऐसे पंजीकृत दम्पति में से जो भी आयु में बड़ा होगा, उसे 45 साल की आयु पूरी करने पर 500 रुपये प्रतिमास पेंशन दी जाती है और यह 60 वर्ष की आयु पूरी होने तक मिलती रहेगी और इसके बाद वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।
- हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां इत्यादि में विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने के उद्देश्य से ''**इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार**'', ''**कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार**'' व ''**बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार**'' देने की घोषणा।
- ''**इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी विवाह शगुन योजना**'' के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों व सभी वर्गों की विधवाओं को स्वयं के पुनर्विवाह और उनकी बेटी की शादी के अवसर पर दी जाने वाली **शगुन राशि 15,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये तथा 5100 रुपये से बढ़ाकर 11000 रुपये की गई है।**

'महिलाओं का विकास और उनके सम्मान की रक्षा हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित इन योजनाओं के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। महिलाओं व पुरूषों के लिंगानुपात को कम करने के लिए भी सरकार ने अहम कदम उठाए हैं। बालिकों के हित में शुरू की गई योजनाओं से बेटियों के मान-सम्मान में वृद्धि हुई है। आज राज्य की बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊँचाईयों को छू रही हैं।

**भूपेन्द्र सिंह हुड्डा,** मुख्यमंत्री, हरियाणा









- सर्व शिक्षा अभियान के तहत 6 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग की सभी लड़कियों का स्कूल में दाखिला करवाने वाली **पंचायत को 50 हजार रुपये की बजाय एक लाख रुपये का अवार्ड** देने का निर्णय।
- जच्चा-बच्चा योजना का उद्देश्य सुरक्षित संस्थागत प्रसूति करवाना है, जिसके फलस्वरूप बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (महिला) तथा **स्टाफ नर्सों को लड़के के जन्म पर 400 रुपये** तथा **लड़की के जन्म पर 600 रुपये** की नकद प्रोत्साहन राशि प्रसव के चार सप्ताह बाद यदि माता व शिशु दोनों स्वस्थ हों तो दिये जाते है
- 11 से 18 वर्ष की बालिकाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार के उद्देश्य से 128 समेकित बाल विकास योजना (आई.सी.डी.एस.) प्रोजैक्टों में किशोरी शक्ति योजना लागू।
- खानपुर कलां सोनीपत में भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की स्थापना।

IPRDH